प्रभात खबर

परबत्ता में नकली दूध का हुआ भंडाफोड़, जांच में जुटी खाद्य संरक्षण पदाधिकारी

परबत्ता. पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में जिले की अपनी एक अलग पहचान है. लेकिन सोमवार को परबत्ता प्रखंड के लगार पंचायत के चकप्रयाग गांव में नकली दूध का भंडाफोड़ हुआ है. बताया जाता है कि सिंथेटिक दूध सप्लाई का एक ऐसा मामला सामने आया है. जिससे लोग हैरान हो गए हैं. लोगों को पोष्टिक के नाम पर जहर पिलाया जा रहा था. बताया जाता है कि चकप्रयाग गांव निवासी अनुज कुमार के यहां समारोह था. उन्होंने परबत्ता स्थित जय मां दुर्गा बीएमसी सेंटर से करीब एक क्वींटल 20 किलो दूध खरीदा. जब दूध को गर्म किया गया तो इसका रंग देखकर सभी हैरान हो गए. कई घंटों आग पर गर्म किए जाने पर इसका खोवा निकाला गया तो उसका रंग देख घर वाले हैरान हो गए. लोगों को मिलावटी दूध का शक होने लगा. हालांकि तभी आसपास के कई दूध संग्रहण करने वाले लोगों को बुलाया गया. जिसने जांच कर बताया कि यह दूध कृत्रिम दूध है, जो की स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है. हालांकि इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/khagaria/fake-milk-busted-in-parbatta